तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **राजूराम विश्नोई बनाम लो.सू.अ.(अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 240/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16-08-2022	अपीलार्थी राजूराम विश्नोई, पता 564, मंगल नगर, गुड़ा विश्नोईयान तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 16.05.2022 में (1) कार्यालय जिला कलक्टर के पत्रांक राजस्व/विविध/21/648 दिनांक 05.02.2021 की पालना में आज दिनांक 16.05.22 तक की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतियां मय ऑर्डशीट,, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 1141 दिनांक 29.07.2022 को रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना बाबत् इस कार्यालय के प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 1123 दिनांक 22.07.22 द्वारा कुल 08 पृष्ठों की सूचना निशुल्कः प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी/प्रार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है। अतः कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने के कारण प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य है जो निरस्त की जाती हे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	